दिन– मंगलवार | दिनांक– 27 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते से समाज के सभी वर्गों को मिलेगा लाभ।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में तीन सौ इक्यानवे करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

03. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने कहा – यूजीसी के नये प्रावधानों पर भरोसा रखें, नियमों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज और सीवान में वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

भारत और यूरोपीय संघ ने आज मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। भारत और यूरोपीय संघ ने आज व्यापार, सुरक्षा, रक्षा साझेदारी, आवाजाही, आपदा जोखिम प्रबंधन और हरित हाइड्रोजन सहित सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के संबंध मजबूत हुए हैं और नए मुकाम पर पहुंचे हैं।

–––बाइट–––

पिछले कुछ वर्षों में भारत और यूरोपियन यूनियन के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक सिनर्जी और मजबूत पीपुल टू पीपुल टाईज के आधार पर हमारी साझेदारी नई उंचाइयों तक पहुंच रही है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि इस मुक्त व्यापार समझौते से समाज के सभी वर्गों को फायदा होगा।

–––बाइट–––

आज हमारे बीच 180 बिलियन यूरो का ट्रेड है। हमने स्ट्रेटिजिक टैक्नोलॉजी से लेकर क्लीन एनर्जी, डिजिटल गवर्नेंस से लेकर डेवलेपमेंट पार्टनरशिप हर क्षेत्र में सहयोग के नए आयाम स्थापित किए हैं। इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर आज के समिट में हमने समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने वाले कई निर्णय लिए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि का नया खाका है।

———बाइट———

ये एफटीए भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच इन्वेस्टमेंट को बूस्ट करेगा। नई इनोवेशन पार्टनरशिप बनाएगा और वैश्विक स्तर पर सप्लाई चौन को मजबूत करेगा यानि ये सिर्फ ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साझा समृद्धि का नया ब्लू प्रिंट है।

---

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह सत्र दो अप्रैल तक चलेगा। इससे पहले, आज नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुयी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उनतालीस राजनीतिक दलों के इक्यावन सांसदों ने बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने सभी से बजट सत्र के दौरान सहयोग की अपील की है।

———बाइट———

श्री रिजिजू ने बताया कि बताया कि कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संयुक्त सत्र को अभिभाषण के साथ सत्र की शुरूआत होगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में तीन सौ इक्यानवे करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ चौरानवे विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री कुमार ने दो सौ अंठानवे करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ एक योजनाओं का शिलान्यास किया, जबकि तिरानवे करोड़ रूपये लागत वाली दो सौ चौरानवे योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए संकल्पबद्ध है।

———बाइट———

श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य संरचना को बेहतर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को स्थानीय अस्पतालों में ही पूर्ण इलाज मिले, इसके लिए सात निश्चय–तीन के तहत प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मधुबनी में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने कहा है कि यूजीसी के नये नियमों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने भरोसा दिया कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति के साथ नये प्रावधानों के तहत अन्याय न हो। श्री प्रधान ने कहा कि यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट की देख–रेख में आई है और सरकार का उद्देश्य उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, न्यायसंगत और जबावदेह बनाना है।

---

वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुल राज को पटना उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने आज शताब्दी भवन में आयोजित समारोह के दौरान अंशुल राज को न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या अड़तीस हो गयी है।

---

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के पूर्व नेता शकील अहमद के राहुल गांधी पर दिये बयान पर विवाद गहरा गया है। शकील अहमद ने राहुल गांधी को डरपोक बताया था। इधर, कांग्रेस विधायक और युवा कांग्रेस के महासचिव अभिषेक रंजन ने कहा कि राहुल गांधी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी के किशनगंज से सांसद डॉक्टर जावेद ने भी शकील अहमद के बयान को गलत बताया है। इधर, शकील अहमद ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने पटना और मधुबनी स्थित आवास पर हमले की आशंका जताई है। इसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि शकील अहमद ने कांग्रेस को आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर किसी की सुरक्षा सुनिश्चित है।

–––बाइट–––

---

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर आज प्रदेश के विभिन्न भागों में बैंककर्मियों ने हड़ताल की। हड़ताल के कारण बैकों के कामकाज पर काफी असर पड़ा। विभिन्न बैंक शाखाओं में सामान्य लेन–देन की प्रक्रिया प्रभावित हुई। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव डी.एन. त्रिवेद्वी ने कहा कि विभिन्न बैंकों की आठ हजार शाखाओं में कामकाज ठप रहा। हालांकि इस दौरान यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम का संचालन जारी रहने से लोगों को राहत मिली।

---

डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा है कि पशु तस्करी रोकने के लिए अलग नीति बनाई जाएगी। कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री मेहता ने कहा कि पश्चिम बंगाल से सटे सीमांचल क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद पशु तस्करी का अवैध धंधा चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर पूर्ण नियंत्रण के लिए सरकार गंभीर है और नई नीति के तहत कठोर दंड वाले प्रावधान लागू किये जायेंगे।

---

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों में मौसम में परिवर्तन हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। समस्तीपुर, सीवान, सहरसा, भागलपुर और किशनगंज जिले में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कर्मी दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज और सीवान जिलों में एक दो स्थानों पर गरज के साथ वज्रपात की संभावना है। वहीं, प्रदेश के कई भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी हो सकती है।

–––बाइट–––

---

समस्तीपुर के वैभव सूयवंशी जिम्मबाब्वे में खेल जा रहे अंडर–नाईंटिन क्रिकेट विश्वकप में बल्ले से लगातार कमाल दिखा रहे हैं। बुलावायो में जिम्मबाब्वे के खिलाफ खेल जा रहे सुपर सिक्स स्टेज के मुकाबले में वैभव ने टूर्नामेंट का तीसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया। वैभव ने तेईस गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। भारत ने आठ विकेट के नुकसान पर तीन सौ बावन रन बनाये हैं।

---

बिहार के डेयरी जगत का जाना–माना नाम सुधा अब अंतरराष्ट्रीय बजारों में अपनी पहचान बना रहा है। मत्स्य एवं पशुपालन विभाग ने बताया है कि छब्बीस जनवरी से तीस जनवरी तक दुबई में आयोजित प्रतिष्ठित खाद्य और पेय प्रदर्शनी गल्फ

फूड दो हजार छब्बीस में सुधा के कई उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। गल्फ फूड दो हजार छब्बीस में सुधा के उत्पादों की पूरी श्रृंखला को लोगों की सराहना मिल रही है।

---

मुंगेर पुलिस ने न्यायालय परिसर के पास से एसबीआई के सहायक प्रबंधक नवल किशोर कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। एसडीपीओ अभिषेक कुमार आनंद ने बताया कि वो बीस जनवरी से लापता थे।

---

शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी ने घाटकुसुंभा प्रखंड अंतर्गत वामघाट थाना में जनता दरबार में भाग लिया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं।

---

सहरसा जिला समाहरणालय सभागार में जीविका की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिलाओं और बालिकाओं को विकास की धारा में शामिल कर लैंगिक समानता को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।

---

कैमूर के जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में निलाम पत्रवाद की समीक्षा के लिए समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गयी।

---

पूर्णिया जिले के मलंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंत बाजार में अपराधियों ने एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

कटिहार नगर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर मोहल्ले में हवा में फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक के पास से एक देशी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते से समाज के सभी वर्गों को मिलेगा लाभ।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में तीन सौ इक्यानवे करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

03. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने कहा – यूजीसी के नये प्रावधानों पर भरोसा रखें, नियमों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज और सीवान में वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।